हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 13 जून 2026

11 कनेक्शन में देरी व मुआवजे को लेकर भड़का भाकिसं



12 निर्माण मजदूरों ने सरकार के पुतले की निकाली...



**हांसी गेट के पास बीकानेर मिष्ठान भंडार के पीछे वाली गली में आगजनी**

# कैफ़े में लगी शॉर्ट सर्किट से आग, फायर ब्रिगेड के दस्ते की कई गाड़ियों ने आधे घंटे में पाया काबू

**सुबह 9:30 बजे के आसपास धुंआ उठता देख वहां से गुजर रहे लोगों ने अग्निशमन दस्ते को दी जानकारी**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा होते होते बच गया, जब एक कैफ़े में अचानक आग लग गई। ग़नीमत रही की समय रहते आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। पूरी घटना हांसी गेट के पास बीकानेर मिष्ठान भंडार के पीछे वाली गली की है। जहां एक कैफ़े में आग लग गई। आनन-फ़ानन में पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की तीन चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की वजह कैफ़े के एससी में शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे के आसपास अचानक हांसी गेट स्थित एक कैफे से धुंआ उठने लगा। वहां से गुजर रहे लोगों ने इस बारे में तत्काल अग्निशमन दस्ते के कर्मचारियों को सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग का दस्ता मौके पर पहुंच और आग बुझाने में जुट गया,लेकिन कैफे का रास्ता तंग होने की वजह से अग्निशमन दस्ते के जवान सही जगह पर पानी की बौछार नहीं मार पा रहे थे। उसके बाद अग्निशमन दस्ते में शामिल कर्मचारी रस्सी के सहारे भवन की उपरी मंजिल पर पहुंचे और उपर से सीढ़ियां के सहारे आग वाली मंजिल पर पहुंचे। वहां पर जाना बेहद खतरनाक हो रहा था। उसके बावजूद भी जैसे तैसे करके कर्मचारियों ने आग वाली जगह पर पानी की बैछार फेंकने में कामयाब हुए। आग से जनहानि नहीं हुई। थोड़ा बहुत सामान जला है। फायर अधिकारी राजेश ने बताया कि ज्यादा परेशानी तंग रास्ता व उसी से आग का धुंआ बाहर निकलने की वजह से हुई।

*रास्ता तंग होने की वजह से अग्निशमन दस्ते के जवान सही जगह पर नहीं कर पा रहे थे पानी की बौछार*

**अग्निशमन दस्ते के कर्मचारियों ने रस्सी के सहारे दूसरी मंजिल पर पहुंचकर बुझाई आग**

क्योंकि ज्यादा धुएं से दम घुटने लगता है। उसके बाद कर्मचारी रस्से के सहारे उपरी मंजिल तक पहुंचे और आग को बुझाया। उन्होंने बताया कि हरेक बड़े संस्थान में सीढ़ियों का एक अलग से विकल्प होना चाहिए। क्योंकि अगर इस तरह की कोई घटना हो जाती है तो तत्काल दूसरे रास्ते से लोगों को निकाला जा सके।

### तीन बुजुर्गों को सुरक्षित निकाला

बताया जाता है कि आग के समय कैफ़े में दो तीन बुजुर्ग लोग भी थे। जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला लिया गया। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमित कुमार ने कहा कि डायल 112 पर मिली सूचना पर हम यहां पहुँचे। यहां समय रहते तीन चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग से थोड़ी सामान जला पर पर ज्यादा नुकसान नहीं हुआ।

**मात्र दो-तीन बैंक्वट हॉल पर ही फायर एनओसी, बाकि सब रामभरोसे**

# भिवानी में बिना फायर एनओसी के धड़ल्ले से चल रहे पीजी, कोचिंग सेंटर, होटल और रेस्टोरेंट

*विद्यार्थियों व आमजन की जान से खिलवाड़, अग्निशमन उपकरण तक नदारद , प्रशासन बना मूकदर्शक*

राकेश भटठी ▸▸| भिवानी

भीषण गर्मी में शहर में कहीं आगजनी की घटना घटित हो जाए तो परिणाम बहुत ही भयावह हो सकते हैं, क्योंकि जिला प्रशासन की नाक के नीचे भिवानी शहर में सैकड़ों पीजी, कोचिंग सेंटर, होटल व रेस्टोरेंट बिना फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र के धड़ल्ले से चल रहे हैं और उनमें बुनियादी अग्निशमन उपकरण तक नहीं हैं। इसके अलावा शहर के 20 फीसदी स्कूलों व 10 फीसदी हॉस्पिटलों पर भी फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं हैं। वहीं मात्र दो-तीन बैंक्वट हॉल संचालकों ने ही फायर एनओसी ले रखी हैं, बाकि सभी घटना घटने एवं रामभरोसे बैठे हैं। इतनी बड़ी लापरवाही के चलते जिला प्रशासन मूकदर्शक बनकर सब कुछ देख रहा हैं और किसी बड़ी घटना के घटने का इंतजार कर रहा हैं।

शहर के रोहतक गेट, हांसी गेट, बस स्टैंड, कृष्णा कॉलोनी, दिनोद गेट, हांसी रोड, महम गेट, पुराना बस स्टैंड, सेक्टर 13 व 23 सहित अनेक क्षेत्रों में संचालित कोचिंग सेंटर व पीजी की स्थिति सबसे ज्यादा खराब हैं, क्योंकि इन दो से तीन मंजिला भवनों में 50 से 100 विद्यार्थी एक साथ कोचिंग लेते हैं। आगजनी की घटना घटित हो जाए तो संचालकों ने बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र तक नहीं लगा रखे, जबकि उक्त भवन दूसरी व तीसरी मंजिलों में संचालित हैं और बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता सीढ़ी हैं, जो संकरी एवं सामान आदि से भरी रहती हैं। इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर, पीजी व व्यावसायिक संस्थानों में फायर अलार्म सिस्टम, स्मॉक डिटेक्टर, इमरजेंसी निकास द्वार, अलग-अलग एंट्री व एग्जिट द्वार, इमरजेंसी लाइटिंग आदि नहीं हैं, जिससे कि उक्त भवनों में आगजनी की घटना होने पर काबू पाया जा सकें और विद्यार्थियों व लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सकें।










### ...नहीं दिया जाता प्रशिक्षण

उक्त संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों व स्टाफ को भी अग्निशमन सुरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाना जरूरी हैं। हाल ही देश की राजधानी दिल्ली के मुखर्जी नगर व रोहतक केडी पार्क क्षेत्र में आगजनी की घटना में अनेक लोग अकाल मौत का ग्रास बने, फिर भी देश का भविष्य विद्यार्थियों और आमजन की जान हर पल खतरे में है। वहीं हांसी चौक पर कैफे की दूसरी व तीसरी मंजिल आगजनी की घटना घटी, गनीमत रही कि जान का नुकसान नहीं हुआ। वहीं रेस्टोरेंट व होटलों की रसोई में गैस सिलेंडर खुले रखे होते हैं और अग्निशमन सिलेंडर सहित अन्य उपकरण शोपीस की तरह रखे मिलते हैं।

### विद्यार्थियों के अभिभावक चिंतित

शहर में पढ़ने आ रहे हजारों विद्यार्थी पीजी और कोचिंग सेंटरों में रहते हैं। अभिभावकों ने मोटी फीस देकर बच्चों को भिवानी पढ़ने के लिए भेजा है, लेकिन यहां पीजी व कोचिंग सेंटरों में सुरक्षा के नाम पर कुछ नहीं है। कक्षाओं में 50 से 100 बच्चे होते हैं और कक्षा रूम का एक ही दरवाजा है, अगर आगजनी की घटना घट जाए तो विद्यार्थी निकलेंगे कैसे? विद्यार्थियों को यह भी पता नहीं की आग बुझाने वाला यंत्र पर कहां है और कैसे आग बुझेगी। इसलिए अभिभावक और विद्यार्थी दोनों हीद सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### ये होने चाहिए बचाव के प्रबंध

विशेषज्ञों के अनुसार होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर, पीजी और व्यावसायिक संस्थानों में आग से बचाव के लिए अग्निशमक यंत्र, फायर अलार्म सिस्टम, स्मॉक डिटेक्टर, आपातकालीन निकास द्वार, एंट्री व एग्जिट द्वार अलग-अलग हो, इमरजेंसी लाइटिंग, फायर हाइड्रेंट, स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर होज रील और स्पष्ट निर्देश वाले निकासी मार्ग होने चाहिए। इसके साथ ही उक्त संस्थानों में कार्य करने वाले कर्मचारियों व स्टाफ को अग्निशमन सुरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए, ताकि किसी प्रकार की अनहोनी होने पर घटना पर काबू पाया जा सके और किसी बड़ी अनहोनी को रोका जा सके।

### आपातकालीन निकास द्वार नहीं

बाजारों में होटल, कोचिंग सेंटर, पीजी व व्यावसायिक भवनों में आग लगने की घटनाओं ने कई सवाल खड़े किए, इसके बावजूद जिले में बड़ी संख्या में संस्थान बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के संचालित हो रहे हैं। कई इमारतों में आपातकालीन निकास द्वार तक नहीं हैं तो कहीं अग्निशमन यंत्र खराब एवं खाली पड़े हैं। वहीं बाजार की तंग गलियों में भवनों तक दमकल वाहनों का पहुंचना नामुमकिन हैं, जिससे किसी भी हादसे की स्थिति में जानमाल का बड़ा नुकसान होने की आशंका बनी रहती है।

### बेसमेंट में चल रहीं दुकानें

शहर के बाजारों में बेसमेंट में दुकानें बनी हुई हैं, जहां पर आग बुझाने के उपकरण तक की व्यवस्था नहीं है और बेसमेंट में आग लगने पर वह पूरी तरह से धुएं में भर जाएगा और लोगों को बाहर निकलना संभव नहीं होगा, ऐसे में लोगों जागरूक होने की जरूरत हैं कि ऐसे तंग एवं जान-बूझकर बरती जा रही लापरवाही की जगहों पर जाने से बचना चाहिए। होटल व रेस्टोरेंट संचालकों से पूछे जाने पर उनका जबाव सुनकर हर कोई दंग रह जाएगा कि अग्निशमन सिस्टम एवं उपकरण की कभी जरूरत ही नहीं पड़ी। वहीं संस्थानों के संचालक फायर एनओसी एवं सिस्टम पर आखिर खर्चा क्यों करें।

### होटलों का किया जाएगा सर्वे

होटलों के सर्वे को लेकर अग्निशमन मुख्यालय पंचकूला से निर्देश जारी हुए हैं, जिसके तहत फायर सेफ्टी ऑफिसर विशेष अभियान चलाकर होटलों का सर्वे एवं जांच करेंगे। सर्वे में होटलों में फायर सेफ्टी उपकरण लगे हैं या फिर नहीं की जांच की जाएगी। यह भी जांचा जाएगा कि होटल में लोगों की सुरक्षा के क्या इंतजाम हैं, फायर अलार्म सिस्टम, स्मॉक डिटेक्टर, आपातकालीन निकास द्वार, इमरजेंसी लाइटिंग, एंट्री व एग्जिट द्वार अलग अलग हैं या नहीं की जांच की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### पंचायत भवन में 16 को लगेगा रोजगार मेला

**भिवानी।** जिला रोजगार अधिकारी दिनेश ने बताया कि पंचायत भवन में 16 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के 9 बजे पंचायत भवन पहुंचकर मेले में भाग ले सकते हैं।

### आभूषण व नकदी चोरी के पांच आरोपी गिरफ्तार

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ-2 ने बंद मकान का ताला तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी के मामले में पांच लोगों को गिरफतार किया गया है। आरोपियों की पहचान चांद निवासी कनेरा, मनीराम निवासी माधोगढ़ , वीरेंद्र निवासी मध्य प्रदेश, अर्जुन पुत्र निवासी कनेरा तथा अभय निवासी कनेरा के रूप में हुई है। सभी आरोपी मध्य प्रदेश के हैं।

## सोलर के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी के चार आरोपी गिरफ्तार




**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम पुलिस भिवानी ने टाटा सोलर एजेंसी दिलाने के नाम पर 8,72,200 रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में चार आरोपियों को किया गिरफ्तार। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहरवासी सुनील कुमार ने बताया था कि वह सोलर लगाने का कार्य करता है। उसने ऑन लाइन सोलर की एजेंसी लेने की ऐड देखी तो उसने एप्लाई कर दिया। बाद में एजेंसी दिलाने के नाम पर आरोपियों ने पौने नौ लाख रुपये खाते में डलवा लिए, लेकिन न तो एजेंसी दी और न ही उसके पैसे वापस किए। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रकाश कुमार पुत्र गणेश कुमार निवासी नैनसुख मोहल्ला, बहरोड़, जिला अलवर (राजस्थान), हाल निवासी नरेला, दिल्ली, गुड्डू कुमार पुत्र विनय कुमार निवासी सैफियाबाद, गली नंबर-19, नरेला, दिल्ली, अजीत कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी जिला नवादा (बिहार), हाल निवासी लक्ष्मी नगर, दिल्ली तथा कुंदन सिंह पुत्र अभय सिंह निवासी राधा कृष्ण कॉलोनी, पटना (बिहार), हाल निवासी लक्ष्मी नगर, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी अजीत कुमार व कुंदन सिंह को 05 दिन के पुलिस रिमांड पर किया गया हासिल।

# 156 टीमें खोजेंगी मलेरिया मच्छरों का लार्वा, घर-घर देंगी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

अब मलेरिया व मच्छर जनित बीमारियों से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तरह से कमर कस ली है। मच्छरों का लारवा ढूंढ कर खतम करने तथा लोगों के खून की जांच के लिए विभाग ने 156 टीमों का गठन किया है। टीमें घर घर जाकर वहां पर रखे कूलर, टायरों, पानी के होद व अन्य जगहों पर जमा पानी में मच्छरों के लारवें व अंडों को खोज रही है। ताकि उनको खत्म किया जा सके।

**कूलर, टायरों, पानी के होद व अन्य जगहों पर पानी जमा नहीं होने दें**

इनके अलावा जिन लोगों को पिछले कई दिनों से बुखार आदि आ रहा है तो उन लोगों के खून के सेम्पल लिए जा रहे है। ताकि उनको समय रहते मच्छर जनित बीमारियों से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि जिले में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर घर जाकर ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बुखार के मरीजों की ब्लड स्लाइड बना रहे है तथा आमजन को



मच्छरजनित बिमारियों के पैदा होने का कारण लक्षण और उनसे बचाव के बारे में जागरूक कर रहे है ।उन्होंने बताया कि मलेरिया,डेंगू, चिकुनगुनिया फ़ैलाने वाला मच्छर साफ खड़े हुए पानी में पनपता है। घर में या आसपास कहीं पानी जमा है ( कूलर, पानी की टंकी, पक्षियों के पीने का पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे ,फूलदान, नारियल का खोल,टूटे हुए बर्तन व टायर इत्यादि) तो नियमित तौर पर साफ-सफाई करते रहें।

## बवानीखेड़ा में आंधी-तूफान से बिजली व्यवस्था चरमराई, 15 घंटे तक छाया रहा ब्लैकआउट



**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा में वीरवार रात क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए तथा पेड़ों की शाखाएं बिजली लाइनों पर गिरने से आपूर्ति बाधित हो गई। इसके चलते कस्बे और आसपास के अनेक गांवों में लगभग 15 घंटे तक बिजली गुल रही, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सारी रात लोगों को गर्मी में गुजारनी पड़ी। बिजली आपूर्ति ठप होने से रातभर लोगों को गर्मी और उमस के बीच समय बिताना पड़ा। वहीं पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्यों और छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर भी इसका असर देखने को मिला। सुबह होते ही बिजली निगम के अधिकारी और कर्मचारी फॉल्ट ढूंढ़ने तथा आपूर्ति बहाल करने में जुट गए। विभाग के कर्मचारियों ने विभिन्न प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर क्षतिग्रस्त तारों और उपकरणों की मरम्मत का कार्य शुरू किया। कई स्थानों पर टूटे हुए पेड़ों और शाखाओं को हटाने के बाद बिजली लाइनों को दुरुस्त किया गया। कर्मचारियों ने लगातार कई घंटों तक मेहनत करते हुए खराबी को दूर किया और धीरे-धीरे बिजली आपूर्ति सामान्य की। बिजली निगम के उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार, जेई सुमित, एएफएम विजेन्द्र ने बताया कि बवानीखेड़ा सहित मंढाणा, धनाना, जताई सहित अन्य स्थानों के स्टाफ ने मिलकर इस प्रकिया को दुरूस्त करने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई जगहों पर तकनीकी खराबियां आई थीं, जिनको ठीक करने के लिए कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमें लगाई गईं।



### नगरपालिका ने शुरू की प्री-मानसून तैयारियां, नालों की करवाई सफाई

**बवानीखेड़ा।** आगामी मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका बवानी खेड़ा द्वारा प्री-मानसून तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में कस्बे के प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की विशेष सफाई करवाई गई, ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो । नपा अध्यक्ष सुंदर अत्री ने बताया कि मानसून से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नपा की टीम द्वारा नालों में जमा गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को बेहतर बनाया जा रहा है।

**परमसंत कंवर महाराज ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल**

# दुख व परेशानी में परमात्मा पर विश्वास न छोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

राधा स्वामी दिनोद के परमसंत कंवर महाराज ने कहा कि सच्ची भक्ति यही है कि इंसान दुख और परेशानी में भी परमात्मा पर अपना विश्वास न छोड़े। कंवर महाराज वर्तमान में एक माह की पश्चिमी विदेश यात्रा पर हैं। कनाडा में सत्संग प्रेमी शुभराम शिवरायण के निवास पर आयोजित सत्संग में परम संत कँवर साहेब ने साध-संगत को अपने इन अमृत वचनो एवं पावन दर्शन से अनुग्रहित किया। कंवर महाराज ने कहा कि सच्ची भक्ति यही है कि इंसान दुख और परेशानी में भी परमात्मा पर अपना विश्वास न छोड़े। सामान्य समय में मालिक को याद करना आसान है,



लेकिन कठिन समय में भरोसा बनाए रखना ही भक्ति की असली परीक्षा है। संतों और भक्तों ने अनेक कष्ट सहन किए, फिर भी उन्होंने हर परिस्थिति को मालिक की मौज मानकर स्वीकार किया। इंसान की बुद्धि सीमित है, इसलिए वह अपने स्वार्थ के अनुसार सुख-दुख को अच्छा या बुरा मान लेता है। जब कोई काम मन के अनुसार नहीं होता, तो वह परमात्मा से शिकायत करने लगता है। पर समझदार व्यक्ति वही है जो हर हाल में मालिक का शुक्र करे और यह विश्वास रखे कि उसके विधान में कोई भूल नहीं होती।

### भक्ति के लिए समय निकालना जरूरी

कर्मों के अनुसार बने लेख अपने समय पर फल देते हैं। पिछले कर्मों का फल भोगना पड़ता है, लेकिन वर्तमान के अच्छे कर्मों से भविष्य सुधारा जा सकता है। इसलिए मनुष्य को अपने विचार पवित्र रखने चाहिए, भक्ति करनी चाहिए, नेक कर्म करने चाहिए और बुराई से बचना चाहिए। भक्ति के लिए समय निकालना जरूरी है। जैसे शरीर के रोग के लिए दवाई और भूख-प्यास के लिए भोजन-पानी जरूरी है, वैसे ही आत्मा की शांति और कर्मों की सफाई के लिए प्रभु-भक्ति जरूरी है। इस जीवन का सबसे बड़ा सदुपयोग यही है कि मनुष्य हर सांस में मालिक को याद रखे। हम इस संसार में थोड़े समय के लिए आए हैं। शरीर, धन, रिश्ते और संसार की वस्तुएँ एक दिन छूट जाने वाली हैं।

### सिंगल यूज़ प्लास्टिक के प्रयोग पर पांच दुकानदारों पर लगाया जुर्माना

**भिवानी।** हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर परिषद् भिवानी की टीम नेजेईई चंचल के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया। इस दौरान सराए चौपटा और घंटाघर चौक भिवानी में 8500 रुपये के 05 चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार शहर के प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर भी लगाए गए हैं, जिनके माध्यम से सिंगल यूज़ प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में आम जनता को जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण के लिए खतरा है। प्रदूषित पर्यावरण से हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने अभियान के दौरान दुकानदारों से अपील की है कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग ना करें।



## अल्फा का नया पोस्टर हुआ जारी, आलिया संग नजर आए शरवरी-बॉबी और अनिल

**मुंबई।** फिल्म 'अल्फा' का टीजर रिलीज होने के ठीक एक दिन बाद, आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इस नए पोस्टर में आलिया के अलावा शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर काफी दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिव रावेल कर रहे हैं। बुधवार को फिल्म का पहला टीजर रिलीज किया गया था। टीजर की शुरुआत में आलिया भट्ट और बॉबी देओल एक साथ खाना खाते हुए दिखते हैं। बॉबी देओल, आलिया को उनके 18वें जन्मदिन की बधाई देते हैं और उन्हें एक कमरे का नंबर लिखा हुआ कार्ड देते हैं। बॉबी कहते हैं कि अब ट्रेनिंग को सच में आजमाने का समय आ गया है। इसके बाद फिल्म के कुछ शानदार एक्शन सीन दिखाए जाते हैं। टीजर से पता चलता है कि बॉबी देओल ने आलिया को एक खतरनाक एजेंट बनने के लिए कई साल तक ट्रेनिंग दी है।

लाइफ Style



# भूमि

## सशस्त्र बलों के प्रति जताया आभार

सिक्किम सीमा के दौरे के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति अपना गहरा आभार जताया है। इस दौरान भूमि ने सीमा का दौरा किया और साथ ही सैनिकों से बातचीत भी की। भूमि पेडनेकर सिक्किम की तीन दिवसीय यात्रा पर गई थीं। इस दौरान उन्होंने भारत की सीमा का दौरा किया और वहां तैनात सैनिकों से मुलाकात की।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भूमि ने बताया कि वह खुद को हमेशा से एक सच्ची देशभक्त मानती हैं। सीमा पर जाकर उन्हें अहसास हुआ कि हमारे सैनिक देश के लिए कितना बड़ा बलिदान देते हैं। सैनिकों से बात करके वह खुद को उनका कर्जदार महसूस कर रही हैं। भूमि ने बताया कि सीमा पर बेहद ठंड थी, लेकिन वहां का नजारा बहुत खूबसूरत था। भूमि ने उस क्षेत्र के इतिहास को भी समझा और कहा कि देश की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों पर उन्हें बेहद गर्व है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए हम आम नागरिक उतना योगदान नहीं दे पाते, जितना हमें देना चाहिए। भूमि ने साल 2015 में फिल्म 'दम लगाके हईशा' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई। इसके बाद उन्होंने टॉयलेट एक प्रेम कथा, शुभ मंगल सावधान, बाला, पति पत्नी और वो, सांड की आंख, बधाई दो और भक्षक जैसी कई बेहतरीन फिल्मों और वेब सीरीज दलदल में काम किया है। अभिनय में आने से पहले भूमि ने यश राज फिल्म्स में लगभग छह साल तक सहायक कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में काम किया था। भूमि को आखिरी बार क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज दलदल में देखा गया था, जो 30 जनवरी, 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज में भूमि ने मुंबई क्राइम ब्रांच की डीसीपी रीता फरेरा का मुख्य किरदार निभाया है।

### हॉलीवुड मसाला



## ऑब्सेशन ने खर्च से 300 गुना से ज्यादा की कमाई

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड में इन दिनों 'ऑब्सेशन' नामक ऐसा तूफान आया है, जिसकी चर्चा बड़े-बड़े फिल्म स्टूडियोज और सुपरस्टार्स के बीच हो रही है। दर्शकों के लिए भले ही यह मनोरंजन है मगर मात्र 6.3 करोड़ रुपए में बनी इस फिल्म ने रिलीज के महज चार सप्ताह में 1,900 करोड़ रुपए की वैश्विक कमाई कर ली है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 में जब 'ऑब्सेशन' को दिखाया गया था, तो किसी ने नहीं सोचा था कि यह इतिहास रच देगी। इस फिल्म ने अब तक के फिल्म फेस्टिवल इतिहास की सबसे बड़ी 'एक्विजिशन' ( फेस्टिवल के दौरान किसी बड़ी कंपनी द्वारा खरीदे जाने के बाद बंपर कमाई करने वाली फिल्म) बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इस मामले में इसने दिग्गज डाक्युमेंट्री फिल्म 'फारेनहाइट 9/11' का सालों पुराना रिकार्ड तोड़ दिया है।



## टेलर होंगी सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम क्लब का हिस्सा

**लॉस एंजिल्स।** पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के फैंस दुनियाभर में हैं। इस पॉप सिंगर ने हाल ही में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को उन्हें प्रतिष्ठित 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया। इसके साथ ही सिंगर इस क्लब में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की महिला बन चुकी हैं। सिंगर टेलर स्विफ्ट ने महज 36 साल की उम्र में यह सफलता प्राप्त की है। मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन के क्लब 'सॉन्ग राइटर्स हॉल ऑफ फेम' में उनकी एंट्री हो गई है। सबसे खास बात यह है कि वो इस क्लब की सबसे कम उम्र की मेंबर हैं। उन्होंने कैरोल बायर सिंगर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1987 में कैरोल हॉल ऑफ फेम का हिस्सा बनीं, उस वक्त उनकी उम्र 43 साल थीं। 'सॉन्गराइटर्स हॉल ऑफ फेम' में सिर्फ मशहूर गायकों और संगीतकारों को शामिल किया जाता है। 1983 में अमेरिकन सिंगर और म्यूजिशियन स्टीवी वंडर इस क्लब का हिस्सा बने थे। तब वह महज 32 साल के थे। क्लब के अब तक के इतिहास में वह सबसे कम उम्र के सेलिब्रिटी हैं। इस क्लब में शामिल होने के लिए हस्तियों की उम्र लगभग 50 साल या उससे ऊपर होनी चाहिए।



## नर्स बनकर कंगना के साहस ने जीता दिल

**मुबई।** कंगना रनौत की फिल्म भाग्य विधाता रिलीज हो गई है। इसमें कंगना ने एक नर्स का किरदार निभाया है। इसके अलावा फिल्म 26/11 हमले पर आधारित है। इस मुद्दे पर वैसे तो कई फिल्में बनी हैं, लेकिन डायरेक्टर मनोज तपाड़िया की फिल्म इसमें एक ऐसा एंगल लेकर आई हैं, जिसके बारे में कम लोग जानते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि जब आतंकवादी उस दौरान एक अस्पताल में घुस गए थे तब क्या हुआ था। इसमें कंगना का किरदार रियल लाइफ नर्स अंजलि कुल्ते पर आधारित है, जिनके साहस और उनके साथ जो नर्स थीं उनकी मदद से उन्होंने 400 लोगों की जिंदगी को बचाया था। कंगना ने अपना किरदार बखूबी निभाया है। उनकी परफॉर्मेंस इतनी क्लीन थी कि नर्स का मरीजों के साथ जो बॉन्ड दिखता है वो काफी साफ और इमोशनली कनेक्ट करता है।




## ग्राम चिकित्सालय सीजन 2 का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया जा चुका है। 'भठकंडी' नाम के एक काल्पनिक गांव पर बेस्ड यह सीरीज ह्यूमर के जरिए देश के गांवों में स्वास्थ्य सेवा की कड़वी सच्चाइयों को सामने लाने की कोशिश करती दिख रही है। इस ट्रेलर में अमोल पाराशर एक बार फिर डॉक्टर के किरदार में गांव के ढर्रों से जूझते दिख रहे हैं। वह चाहते हैं कि भठकंडी के हेल्थ सेंटर को किसी तरह से बचाया जा सके और इसी के साथ वो एक आदर्श पीएचसी का खिताब भी पाना चाहते हैं। डॉक्टर प्रभात गांववालों को चिकित्सालय बुलाने के लिए नई-नई तरकीब लगानेवाले हैं, लेकिन अब देखना ये है कि वे कितना सफल होते हैं। हालांकि, ये सब इतना आसान नहीं। इस ट्रेलर की शुरुआत डॉक्टर के सामने ऐसे पेशेंट से होती है, जिसे सुनकर शायद किसी को भी उल्टी आ जाए।

### टीवी मसाला



## दिव्यांका ने दिखाई जुड़वां बेटों की झलक, कहा शुक्रिया

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी ने आखिरकार अपने जुड़वां बेटों की पहली झलक शेयर की है और फैंस इन प्यारी तस्वीरों को बार-बार देख रहे हैं। एक्ट्रेस ने 25 मई को अपने पति विवेक दहिया के साथ अपने बेटों का स्वागत किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्यारी तस्वीरें पोस्ट करके अपने फॉलोअर्स को एक मां के तौर पर अपनी नई जिंदगी की एक प्यारी सी झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में मां बनने के शुरुआती दिनों के कुछ सबसे खास पल कैद हैं। तस्वीरों में दिव्यांका त्रिपाठी अपने नवजात बेटों को गले लगाए और उन्हें प्यार से चूमती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीरें उस खुशी और प्यार को दिखाती हैं जो जुड़वां बच्चों के आने के बाद से ही इस कपल के घर में भर गया है। तस्वीरों के साथ दिव्यांका ने एक सादा लेकिन दिल को छू लेने वाला मैसेज भी शेयर किया। उन्हें मां बनाने के लिए अपने बेटों का शुक्रिया अदा करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे चुनने के लिए धन्यवाद'। उनके इस दिल से निकले मैसेज ने तुरंत ही फैंस का दिल जीत लिया और कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में परिवार के लिए प्यार और दुआओं की बौछार कर दी। 'ये है मोहब्बतें' में इशिता भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हुईं इस एक्ट्रेस को फैंस अक्सर प्यार से 'इशी मां' कहकर बुलाते हैं। अब वह असल जिंदगी में भी मां बन गई हैं, और उनके कई फॉलोअर्स उन्हें इस नए रोल में देखकर बहुत खुश हैं।

## 'टीवी शो और फिल्मों में आए थे नजर'

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई चर्चित हिंदी फिल्मों और टीवी शोज में अभिनेता दिनयार तीरंदाज नजर आए थे। यह कलाकार अब हमारे बीच नहीं हैं। इनके निधन की खबर से फिल्म जगत के कलाकारों और प्रशसंकों के बीच शोक लहर दौड़ पड़ी है। इस दिग्गज अभिनेता के निधन की जानकारी पारसी जोरोस्ट्रियन फेसबुक पेज के जरिए साझा की गई है। दिनयार तीरंदाज कई दशकों तक मनोरंजन जगत में सक्रिय रहे। उन्होंने 1984 में रिलीज हुई फिल्म दुनिया से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।



नुक्कड़ और ब्योमकेश बख्शी जैसे हिट टेलीविजन शो में काम किया था। टेलीविजन के अलावा यह दिग्गज अभिनेता कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखाई दिए। हैलो ब्रदर, अलबेला, चलते-चलते, मैंने प्यार क्यों किया, क्या कहना, दिल है के मानता नहीं और कमाल धमाल मालामाल जैसी फिल्मों में दिनयार तीरंदाज ने अभिनय किया था।

## 50 साल बाद चितचोर के कलाकारों का मिलन

**नई दिल्ली।** साल 1976 में आई फिल्म 'चितचोर' ने दर्शकों को काफी ज्यादा प्रभावित किया था। इसके लगभग पांच दशक बाद अब इस फिल्म के एक्टर्स जरीना वहाब और मास्टर राजू फिर से साथ देखकर फैंस की खुसी का ठिकाना नहीं है। जरीना वहाब ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की है जोकि फैंस को काफी ज्यादा आकर्षित कर रही है। तस्वीर में वह मास्टर राजू के साथ मुस्कुराते हुए पोज देती दिख रही हैं। तस्वीर सामने आते ही फैंस को फिर से चर्चित फिल्म 'चितचोर' की याद आ गई। वहाब के प्यार भरे सोशल मीडिया पोस्ट से फैंस को दिखा दिया कि कुछ ऑन-स्क्रीन रिश्ते फिल्म खत्म होने के बाद भी बने रहते हैं।



### क्या है चितचोर की कहानी?

चितचोर का निर्देशन बासु चटर्जी ने किया था। यह सुबोध घोष की बंगाली कहानी चित्तचोर पर आधारित थी। फिल्म में विजयेंद्र घाटगे, अमोल पालेकर, ए.के. हंगल, दीना पाठक, रितु कमल, शैल चतुर्वेदी और सी.एस. दुबे जैसे कलाकार शामिल थे। फिल्म की कहानी एक पिता पर केंद्रित है, जो गलती से गलत दूल्हे को घर ले आता है। इसी दौरान लड़की और उस युवक के बीच प्यार पनपने लगता है। बाद में एक पत्र आने के बाद कहानी में बड़ा मोड़ आता है और कई भावनात्मक घटनाएं सामने आती हैं। मास्टर राजू का असली नाम राजू श्रेष्ठ है। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया था। अमर प्रेम, बावर्ची, परिचय, दाग, अभिमान, दीवार, चितचोर, किताब और खट्टा मीठा उनकी कुछ यादगार फिल्में हैं।

## इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश आमने-सामने होंगे बॉबी और सामंथा

**नई दिल्ली।** जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। साउथ फिल्मों के चाहने वालों के लिए ये हफ्ता बेहद खास होने वाला है। एक तरफ जहां इस हफ्ते सिनेमाघरों में एक से बढ़कर एक फिल्मों की बाढ़ आई है। वहीं, दूसरी तरफ साउथ की फिल्में इस हफ्ते बवाल काटने के लिए तैयार है। जून के तीसरे हफ्ते कई शानदार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इसमें आपको एक्शन से लेकर रोमांस, थ्रिल और कॉमेडी का पूरा डोज मिलेगा। इस लिस्ट में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिनका फैंस महीनों से बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। तो चलिए बताते हैं कौन-कौन सी फिल्में रिलीज होने वाली हैं।



### बालनः द बॉय

बालनः द बॉय एक ऐसे लड़के की कहानी है जो उथल-पुथल भरे बचपन से जूझ रहा है और अपनी मां के रहस्यमय ढंग से लापता होने के बाद समाधान की तलाश में बेताब है। कलाकार- चंदू सलीम कुमार, गणपति, टोविनो थॉमस, निर्देशक चिदंबरम, शैली किशोरावस्था से वयस्कता में परिवर्तन की कहानी, भाषा मलयालम, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### मां इंटी बंगारम

मां इंटी बंगारम एक ऐसी महिला की कहानी है, जो दो साल बाद अपने पति के परिवार से मिलने जाती है, बिना उनका आशीर्वाद लिए। एक आदर्श गृहिणी बनने की कोशिश में उसका अतीत उसके दरवाजे पर दस्तक देता है। फिर जो होता है वो इस फिल्म को और भी दिलचस्प बनाता है। कलाकार-सामंथा रुथ प्रभु , गुलशन देवैया, दिगंत मनचले, गौतमी तडिमल्ला, श्रीमुखी, मंजूषा, श्रीनिवास गविरेड्डी, निर्देशक बी.वी. नंदिनी रेड्डी, शैली एक्शन कॉमेडी, भाषा तेलुगु, रिलीज की तारीखः 19 जून।

### जना नायकन

जून में थलपति विजय की धमाकेदार फिल्म 'जना नायकन' को लेकर दर्शकोंके बीच काफी क्रेज बना हुआ है। ये फिल्म विजय के 52वें जन्मदिन के सप्ताह में सिनेमाघरों में रिलीज होने की उम्मीद है। हालांकि, इसे लेकर ऑफिशियल ऐलान नहीं किया गया है लेकिन ये टिकट बुकिंग ऐप्स पर नोटिफाई हो चुकी है। कहानी थलपति वेत्री कोंडन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी दत्तक पुत्री विजी को एक सशक्त और साहसी सेना अधिकारी बनाना चाहते हैं।

### जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी... आज भी सुनकर रो पड़ते हैं लोग

## रफी ने अमिताभ के मरने वाले सीन पर फ्री में गाई थीं सिर्फ ये 4 लाइनें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं। आज भी इस गाने को बेहद पसंद किया जाता है। बॉलीवुड के लेजेंड्री सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज का जादू आज भी लोगों के सिर पर चढ़कर बोलता है। उनके गानों को हर उम्र के लोग सुनना पसंद करते हैं। मौका कोई भी दर्द का खुशी का या फिर रोमांस का रफी के गाने हर मूड के लिए परफेक्ट हैं। लेकिन, अमिताभ बच्चन की फिल्म का एक गाना ऐसा है, जिसमें मोहम्मद रफी ने सिर्फ चार लाइन गईं थीं। वो भी एक फूटी कौड़ी लिए। इस गाने को सुनकर आज भी लोग रो पड़ते हैं।



### क्लाइमेक्स सीन ने हर, किसी को रुला दिया था

इस पर मोहम्मद रफी ने आनंद जी बात रखी और चार लाइनें गाने के लिए तैयार हो गए। ये गाना था 'जिंदगी तो बेवफा है, एक दिन ठुकराएगी / मौत महबूबा है, अपने साथ लेकर जाएगी...'। इस लाइन को गाने के लिए रफी ने कल्याणजी-आनंदजी ने एक पैसा नहीं लिया और अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद इसे फ्री में गाया। रफी की इस बात कल्याणजी-आनंदजी ऐसे कायल हुए कि कहा ये सिर्फ वो ही कर सकते हैं। इस गाने ने रिलीज के बाद हर किसी को रुला दिया और आज भी इसे सुनकर आंखें भर आती हैं।

### 1978 में रिलीज हुई थी 'मुकद्दर का सिकंदर'

हम बात कर रहे हैं अमिताभ बच्चन की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मुकद्दर का सिकंदर' की जो साल 1978 में रिलीज हुई थी। 'मुकद्दर का सिकंदर' अमिताभ के कॅरियर की सफल फिल्मों में गिनी जाती है। इस फिल्म में का म्यूजिक कल्याणजी-आनंदजी ने तैयार किया था। वहीं, इसके निर्देशक प्रकाश मेहरा का मानना था। इसके गीत अनजान ने लिखे। इस फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार ने गाए थे। इस मूवी के क्लाइमेक्स सीन ने हर किसी को रुला दिया था। क्लाइमेक्स को और भी असरदार बनाने में रफी का बहुत बड़ा रोल था।

### आनंदजी चाहते थे रफी गाएं

दरअसल, हम पहले ही बता चुके हैं कि 'मुकद्दर का सिकंदर' के सारे गानों को किशोर कुमार ने गाया। इसमें फिल्म का टाइटल ट्रैक 'वो मुकद्दर का सिकंदर', 'ओ साथी रे' शामिल है। इस फिल्म के क्लाइमेक्स सीन, जिसमें अमिताभ बच्चन की मौत होती है, उसके लिए कल्याणजी-आनंदजी को सिर्फ चार लाइने चाहिए थे, जिसे वो किशोर कुमार से नहीं बल्कि, मोहम्मद रफी गाएं। आनंदजी जो दर्द चाहते थे इस गाने में उन्हें यकीन था के सिर्फ रफी ही दे सकते हैं।

### किशोर से क्यों नहीं गवा लेते

कल्याणजी-आनंदजी को लेकिन ये बात खाए जा रही थी कि वो मोहम्मद रफी से सिर्फ चार लाइन गाने के लिए कैसे कहें। क्योंकि, उनकी फिल्म के सारे गाने किशोर कुमार गा रहे थे। हुआ भी कुछ ऐसा ही। हिम्मत करके आनंदजी ने रफी को कॉल करके अपनी बात बताई कि वो चाहते हैं कि आप उनकी फिल्म के लिए सिर्फ चार लाइनें गा दें। रफी ने कहा कि क्यों, किशोर से क्यों नहीं गवा लेते, वो तो सारे गाने गा रहे हैं। इस पर आनंद जी ने कहा कि नहीं, जो दर्द और फील हम उस लाइन में चाहते है वो आप ही दे सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा बहल ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक आज

**बहल।** भाजपा बहल ब्लॉक की संगठनात्मक बैठक अनाज मंडी में शनिवार को आयोजित की जाएगी। बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को पार्टी की भावी नीतियों और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जाएगी। पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएंगे। उक्त जानकारी मार्केट कमेटी बहल के चेयरमैन रवि महमिया व मंडल कोषाध्यक्ष हनुमान शर्मा ने दी।

### शिविर की शिकायत लंबित न रखें : एडीसी

**भिवानी।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में समाधान शिविर समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। एडीसी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाली कोई भी शिकायत लंबित न रखें।

### सुझाव देने की समय सीमा बढ़ाने की मांग

**बाढड़ा।** सीटू (सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस) ने हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए गए लेबर कोड्स के रूल्स पर सुझाव एवं संशोधन देने की समय सीमा बढ़ाने तथा रूल्स को हिंदी भाषा में प्रकाशित करने की मांग उठाई है। संगठन ने इस संबंध में श्रम आयुक्त हरियाणा के नाम ज्ञापन उप श्रम आयुक्त परमजीत ढुल को चंडीगढ़ कार्यालय में सौंपा।

### नवकार महामन्त्र का जाप किया

**भिवानी।** संयम सुमेरू चारित्र चुड़ामणी मुनि मायाराम महाराज की 172वीं जयंती पर हालुवास गेट मुक्तिधाम स्थित समाधि स्थल पर सुबह 7 बजे से साढ़े सात बजे तक नवकार महामन्त्र का जाप किया और मुनि जयंती बड़े हर्ष उल्लास से मनाई। मुनि मायाराम महाराज का जन्म 12 जून 1854 बड़ौदा ग्राम में हुआ और उन्होंने 28 जनवरी 1877 पटियाला में दीक्षा ली।

### लव मीन्स टू गीव का बताया महत्व

**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज गौशाला मार्केट व शाखा सिद्धिधाम ने संयुक्त रूप से हालु बाजार में नवनिर्मित भवन ब्रह्मकुमारीज में लव मीन्स टू गीव प्यार अर्थात देना कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके सुमित्रा ने बताया कि दुनिया में प्रेम के अनेक मायने हैं, कोई प्रकृति प्रेमी है, कोई मानवता प्रेमी है और कोई ईश्वर प्रेमी है। बीके सुमित्रा ने बताया कि अगर मनुष्य का प्रेम परमात्मा से बढ़ता है तो अपने आप ही वह प्रकृति और मानव से प्रेम करेगा ही, क्योंकि वह समझता है परन्तु परमात्मा यानि रचयिता यानि सृष्टि का बीजरूप होने का कारण परमात्मा उर्जा से ही इनकी पालना होती है।

### शिकायतों को गंभीरता के साथ निपटाया जाए

**चरखी दादरी।** सभी विभागों के अधिकारी शिकायत को पूरी गंभीरता के साथ लेते हुए समाधान करना सुनिश्चित करे। शिकायत का समाधान करते समय प्रार्थी को संतुष्ट करे, ताकि प्रार्थी को एक ही शिकायत बार बार समाधान शिविर या सीएम विंडो पर ना लगानी पड़े।

# पुरुषोत्तम मास में तीस साल बाद बनने वाला सोमवती अमावस्या का संयोग अत्यंत दुर्लभ : पं. रामकिशन

## सुहागिन महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी उम्र और वैवाहिक सुख के लिए रखती हैं व्रत

स्नान, दान, व्रत और पूजा से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहते हैं। इस साल की पहली सोमवती अमावस्या अधिकमास के कृष्ण पक्ष में यानि 15 जून को पड़ रही है। यह जानकारी देते हुए तोशाम के संकटमोचन मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि सोमवती अमावस्या के दिन स्नान, दान, व्रत और पूजा से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है, जोकि सोमवती अमावस्या अबकी बार अधिक मास अर्थात पुरुषोत्तम मास में 15 जून को है।



पंडित रामकिशन का कहना था कि इस साल की पहली सोमवती अमावस्या अधिकमास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 15 जून को है। सभी अमावस्याओं में सोमवती अमावस्या का विशेष स्थान है क्योंकि इस दिन स्नान, दान, व्रत और पूजा करने से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद मिलता है, अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) में पड़ने वाली सोमवती अमावस्या एक अत्यंत दुर्लभ और अत्यंत फलदायी संयोग है, जोकि अब लगभग तीन वर्षों के बाद बन रहा है। यह तिथि 15 जून सोमवार को पड़ रही है, जोकि पूरे अधिकमास का समापन दिवस भी है। इस विशेष दिन स्नान, दान और व्रत से कई गुना अधिक पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है।

### स्नान, दान और पूजा का यह है मुहूर्त

*पंडित रामकिशन ने बताया कि सोमवती अमावस्या की तारीख वैदिक पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ अधिकमास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 14 जून रविवार को दोपहर 12 बजकर 19 मिनट से प्रारंभ होगी और यह अगले दिन 15 जून सोमवार को सुबह 8 बजकर 23 मिनट तक मान्य रहेगी। उन्होंने बताया कि ऐसे में उदयातिथि के आधार पर सोमवती अमावस्या 15 जून सोमवार को है। सोमवती अमावस्या का व्रत और स्नान-दान 15 जून सोमवार को किया जाएगा।*

### इस संयोग का विशेष महत्व

*पंडित रामकिशन का कहना था कि यह अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के दौरान किए गए अनुष्ठान, पूजा, और दान का फल साधारण अमावस्या की तुलना में कई गुना अधिक (अक्षय) माना जाता है। जिससे एक साथ मुख्यतः 5 फायदे होते हैं। सौभाग्य में वृद्धि : सुहागन महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी उम्र और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं। पितृ दोष शांति : इस दिन पितरों के निमित तर्पण, श्राद्ध और दान करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और वंश में वृद्धि होती है।*

### पीपल की पूजा का विशेष महत्व

सोमवती अमावस्या पर पीपल के पेड़ की पूजा का विशेष महत्व है। पेड़ की जड़ में कच्चा दूध मिश्रित जल चढ़ाएं और 108 बार परिक्रमा करते हुए सूत लपेटें। शिव-पार्वती की आराधना : भगवान शिव और माता पार्वती का जलाभिषेक करें। मान्यता है कि इस दिन पति-पत्नी साथ मिलकर शिव-शक्ति की पूजा करें तो जीवन के सारे संकट दूर होते हैं। दान-पुण्य : इस दिन जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र या अपनी श्रद्धानुसार दान करना बहुत शुभ माना जाता है।

### विद्यार्थियों, शिक्षकों व गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने की योग क्रियाएं

**बाढड़ा।** राजकीय कॉलेज मांढ़ी हरिया में हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार दो दिवसीय योग एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रतिभागियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाते हुए योग के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी प्रदान की।

## मुआवजा दो या काम रोको : भारतीय किसान संघ

# कनेक्शन में देरी व मुआवजे को लेकर भड़का भाकिसं

ट्यूबवेल कनेक्शन में ढिलाई के कारण सिंचाई संकट से जूझ रहा अन्नदाता : महिपाल बड़दू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

भारतीय किसान संघ ने किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ की भिवानी इकाई ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम एडीसी के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपकर किसानों की चार प्रमुख मांगों को तुरंत पूरा करने की पुरजोर वकालत की है। किसानों का कहना है कि लंबे समय से उनकी जायज मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण इलाकों में भारी रोष है।

भारतीय किसान संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में ट्यूबवेल कनेक्शनों में देरी पर नाराजगी, खेतों से गुजरने वाली हाई-टेंशन लाइनों का उचित मुआवजा, जलभराव से खराब हुए रास्तों और खालों की मरम्मत, विभिन्न सरकारी परियोजनाओं में स्थानीय समन्वय की मांग मुख्य रूप से उठाई है। इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री एवं बिजली आयाम प्रमुख महिपाल बड़दू ने कहा कि बिजली निगम द्वारा ट्यूबवेल कनेक्शन देने में भारी देरी की जा रही है। किसान लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं, जिससे फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। संघ ने मांग की है कि निगम को सख्त निर्देश देकर इन कनेक्शनों को बिना किसी देरी के तुरंत जारी करवाया जाए। उन्होंने मांग की है कि जिन किसानों के खेतों से ये लाइनें गुजर रही हैं, उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर मुआवजा राशि दी जाए और मुआवजा भुगतान के बाद ही आगे का कार्य शुरू किया जाए। बिना मुआवजे के किसानों की जमीन पर काम बंद होना चाहिए।

वही पिछले वर्ष हुई भारी बरसात के कारण क्षेत्र के किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ी है। अत्यधिक जलभराव की वजह से खेतों के खाले और खेतों को जाने वाले मुख्य रास्ते पूरी तरह टूट और खराब चुके हैं। इससे किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने और कृषि उपकरण ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संघ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इन खराब रास्तों और खालों को तुरंत दुरुस्त किया जाए और इन्हें पक्का बनवाया जाए।

### केवल आश्वासन ही मिल रहा

इस मौके पर भाकिसं जिला अध्यक्ष अजमेर सिंह, युवा प्रमुख पवन लक्ष्मणपुरा ने कहा कि संघ लंबे समय से बिजली निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन ट्यूबवेल कनेक्शनों को लेकर केवल आश्वासन ही मिल रहा है। सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों के खेतों से बड़ी-बड़ी लाइनें निकाल दी जाती हैं, जिससे उनकी भूमि की कीमत और उपयोगिता कम हो जाती है। सरकार को तय नियमों के अनुसार हर प्रभावित किसान को उचित मुआवजा राशि समय पर देनी होगी।

# विद्यार्थियों को पर्यावरण का महत्व बताया

- इको क्लब के तत्वावधान में समर कैंप का शुभारंभ, विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। इको क्लब के तहत पर्यावरण को सुरक्षित रखने की शपथ लेते हुए।

बवानीखेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विभाग के निर्देशानुसार विद्यालय में इको क्लब के अंतर्गत 12 जून से 19 जून तक आयोजित किए जाने वाले समर कैंप का शुभारंभ किया गया।

कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित करना है। प्राचार्य आनंद शर्मा ने बताया कि बीईओ सतेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में इस शिविर का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय इंचार्ज सुनील कुमार, हुनेश अग्रवाल, सत्यवान यादव, रमेश कुमार, प्रियंका, नीरज, उमेश जांगड़ा ने बताया कि इको क्लब इंचार्ज गरीमा रानी द्वारा इस कैंप की बाखूबी शुरूवात कराई गई। कैंप के प्रथम दिन विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में प्रत्येक व्यक्ति का पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होना आवश्यक है। विद्यार्थियों को पौधारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त वातावरण तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

# संत कबीर साहेब जयंती को लेकर लोगों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**29 जून को भिवानी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम**



संत कबीर साहेब जयंती को लेकर न्योता देते पूर्व पार्षद हंसराज खनगवाल।

संत कबीर साहेब की 629वीं जयंती पर 29 जून भिवानी में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम को लेकर चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत कबीर पंथ जुलाहा सेवा समिति पीपलीवाली जोहड़ी की बैठक रेलवे फाटक के नजदीक धर्मशाला में पूर्व पार्षद हंसराज की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व पार्षद हंसराज खनगवाल ने बताया कि 29 जून को संत कबीर साहेब की जयंती पर राज्य स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में मुख्यतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे।

### किसान मिट्टी की जांच के आधार पर करें खाद का इस्तेमालः फौगाट

**लोहारू/भिवानी।** कृषि विज्ञान केंद्र तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, लोहारू के संयुक्त तत्वावधान में गांव कुड़ल में खेत बचाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसानों को मृदा जांच के लिए प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र से मृदा वैज्ञानिक डॉ. ममता फौगाट ने किसानों से कहा कि वे मिट्टी की जांच के आधार पर ही खेत में खाद का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मृदा जांच से खेत की की उर्वरता, पोषक तत्वों की उपलब्धता तथा उनकी कमी का सही आकलन किया जा सकता है।



चरखी दादरी। ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणम के प्रति जागरूक करते पुलिसकर्मी।

### नशा तस्करों पर सख्ती, युवाओं को जागरूक करने के लिए पुलिस का अभियान जारी

**चरखी दादरी।** जिले में नशा मुक्त समाज के निर्माण तथा युवाओं को नशे की बुराइयों से बचाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार के निर्देशन में जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टीम द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज एंटी नारकोटिक्स टीम ने गांव घिकाड़ा, साहुवास, फतेहगढ़, पैंतावास कलां एवं पैंतावास खुर्द में पहुंचकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया तथा नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर एंटी नारकोटिक्स टीम प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार, एएसआई राहुल फौगाट, यातायात थाना प्रभारी रमेश कुमार तथा थाना सदर प्रभारी सतबीर सिंह ने ग्रामीणों, युवाओं एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि उसकी आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक स्थिति को भी कमजोर कर देती है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण अपराधों में वृद्धि होती है तथा अनेक परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच जाते हैं। टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

# शिविरों में लोगों ने किया योगाभ्यास

- योग दिवस की तैयारियों को लेकर ब्लॉक स्तर पर आयोजित हुए योग प्रोटोकॉल शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। प्रोटोकॉल शिविर में योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के चलते आयुष विभाग द्वारा शुक्रवार को बवानीखेड़ा, बहल और कैरू ब्लॉक में योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविरों का आयोजन किया गया। सभी विभागों से अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने योगाभ्यास किया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा एवं जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय वैद ने कहा कि आयुष विभाग के सभी योग सहायक नियमित रूप से व्यायामशालाओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जाकर योगाभ्यास करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बढ़-चढक़र भाग लें तथा योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

डॉ. रश्मि शर्मा एवं डॉ. संजय वैद ने बताया कि बवानीखेड़ा, बहल और कैरू ब्लॉक में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया।

इसके अलावा जिले की सभी 70 व्यायामशालाओं तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी आयुष विभाग द्वारा नियमित रूप से योगाभ्यास करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बवानीखेड़ा ब्लॉक में गजानंद शास्त्री, अशोक, सुमित्रा एवं सीमा द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। वहीं कैरू ब्लॉक में डॉ. वीरेंद्र पवार एवं पवन फार्मासिस्ट की देखरेख में संदीप, ममता, राजबीर एवं उम्मेद ने प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया।

### योग हमारी संस्कृति का प्रतीक : डॉ. राजेंद्र शर्मा



**बवानीखेड़ा।** 12वें विश्व योग दिवस को उत्सव के रूप में मनाने हेतु हरियाणा योग आयोग जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा के निर्देशन में एवं बवानी खेड़ा प्रशासन के सानिध्य में बवानी खेड़ा के हुड्डा पार्क में डॉ विनोद सैनी, डॉ अमित कुमार, डॉ राजेन्द्र के सहयोग से विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोहारू नगर पालिका सचिव तेजपाल सिंह तंवर रहे, कार्यक्रम में खेल विभाग की कबड्डी, एथलेटिक्स व बॉक्सिंग खेल नर्सरी के बच्चों सहित नगर वासियों ने भाग लिया प्रोटोकॉल प्रशिक्षण आयुष विभाग के आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने अपनी पूरी टीम सुमित्रा, किताब सिंह, मनदीप मोहन भारद्वाज, दीपक, मनदीप गोयत सीमा सहित उपस्थित जन समूह को दिया। डॉ विनोद सैनी डॉ राजेंद्र शर्मा ने सभी योग प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा की योग हमारी पुरातन संस्कृति का अभिन्न अंग है इसलिए हमें योग प्रतिदिन करना चाहिए। आयुष योग सहायक अशोक कुमार ने विश्व योग दिवस प्रोटोकॉल में होने वाले आसन प्राणायाम आदि विधि बताते हुए करवाये और प्रतिदिन योग करने का संकल्प दिलाया।

# समय से पहले पूरी करें तैयारीः डीसी

- उपायुक्त ने दिए सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर सफल आयोजन के निर्देश
- 15 जून को सुबह 6 बजे होगी योग मैराथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त।

उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करते हुए सफल आयोजन करवाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी विभाग सुनिश्चित करें कि आयोजन की तैयारियां समय से पहले कर ली जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सके। उन्होंने आयोजन स्थल की साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता, ट्रैफिक प्रबंधन, एंबुलेंस व मेडिकल स्टाफ की तैनाती सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जागरूकता को लेकर 15 जून को योग मैराथन भी आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और उसके सकारात्मक प्रभावों से अवगत कराना है।

## श्रीमद्भागवत गीता से जीवन में सकारात्मक सोच होती है विकसित : सुमन

# दिव्यांगजन व क्षेत्रवासियों को श्रीमद्भावत गीता का आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व समझाया

- आस्था स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के बीच श्रीमद्भगवद्गीता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। श्रीमद्भागवत गीता पाठ एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम में शामिल दिव्यांग विद्यार्थी व क्षेत्रवासी। फोटो : हरिभूमि

आस्था स्पेशल स्कूल में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण कृपा जियो गीता परिवार द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता पाठ एवं आध्यात्मिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों, नेताजी नगर की महिलाओं तथा राजकीय महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जियो गीता परिवार के जिलाध्यक्ष नरेश आहूजा ने गीता के 15वें अध्याय पर विस्तार से प्रकाश डाला और आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक महत्व को समझाया।

### दिव्यांग बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं

आहूजा ने बताया कि आगामी 14, 15 एवं 16 जुलाई को गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का भिवानी आगमन होगा। इस दौरान श्रद्धालु श्रीमद्भगवद्गीता के गूढ़ रहस्यों एवं दिव्य संदेशों का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, इसे भिवानी क्षेत्र के लिए अत्यंत सौभाग्यपूर्ण अवसर बताया। कार्यक्रम में विनोद छाबड़ा, मनोज लुथरा व नवीन ने श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का संगीतमय प्रस्तुतिकरण कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जियो गीता परिवार की महिला अध्यक्ष एवं आस्था स्पेशल स्कूल की प्राचार्या एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के बीच गीता पाठ का आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास एवं नैतिक मूल्यों का विकास भी करता है। आस्था स्पेशल स्कूल के दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ चेष्टा एवं सीमा ने भक्ति-भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।

## खबर संक्षेप

### डीसी ने दिए जनजागरण अभियान चलाने के निर्देश

**भिवानी।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल क्रियान्वयन के लिए मीडिया एवं संचार गतिविधियों की विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। इसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहने देना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जागरूकता गतिविधियों का प्रभावी संचालन करते हुए प्रत्येक चरण का उचित दस्तावेजीकरण भी सुनिश्चित करें।

### सीबीएलयू बना छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की नींव

**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विवि के विद्यार्थियों का आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रोपड़, एनआईआईटीएस एवं विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ने व शोध करने के लिए चयन हुआ है । सीबीएलयू भिवानी का भौतिक विभाग शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर रहा है । कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने कहा कि भौतिक विभाग को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध एवं उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है । हैंड्स ऑन प्रैक्टिस के लिए बेहतरीन सुविधाओं से पूर्ण प्रयोगशाला है।

## निर्माण मजदूरों ने की पंचायत, 11 माह से बंद पंजीकरण पोर्टल खोलने की मांग

# निर्माण मजदूरों ने सरकार के पुतले की निकाली शवयात्रा

**रद्द पंजीकरण बहाल करवाने, आवास योजना, छात्रवृत्ति, बीपीएल कार्ड की बहाली व अन्य सुविधाओं का लाभ देने की मांग को लेकर नेहरू पार्क में एकजुट हुए मजदूर**





भिवानी। शहर में सरकार के पुतले की शवयात्रा निकालते निर्माण मजदूर तथा हांसी चौक पर सरकार का पुतला फूंकते निर्माण मजदूर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा के आह्वान पर भिवानी के निर्माण मजदूरों ने 11 माह से बंद पंजीकरण पोर्टल खोलने, रद पंजीकरण बहाल करवाने, मनरेगा का पुराना कानून बहाली, आवास योजना, छात्रवृत्ति, बीपीएल कार्ड की बहाली व अन्य सुविधाओं का लाभ देने की मांग को लेकर नेहरू पार्क महापंचायत की। इसके बाद निर्माण मजदूरों ने सरकार के पुतले की शहर में शवयात्रा निकाली और हांसी गेट पर सरकार का पुतला फूंका। महापंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महावीर चांग ने की व संचालन ब्लॉक सचिव धर्मबीर बामला ने किया।

महापंचायत को संबोधित करते हुए भवन निर्माण कामगार यूनियन के राज्य प्रधान मनोज सोनी ने कहा कि अनुसूचित जाति की हितैषी का दम भरने वाली भाजपा सरकार का चेहरा बेनकाब हो चुका है। मजदूर व अनुसूचित जाति विरोधी भाजपा सरकार ने पिछले 11 माह से निर्माण मजदूरों का पंजीकरण एवं सुविधाएं देने का पोर्टल बंद किया हुआ है। भ्रष्टाचार की आड़ लेकर भाजपा सरकार ने प्रदेश के छह लाख मजदूरों का पंजीकरण रद्द कर दिया है, जिसके चलते लाखों निर्माण मजदूर बोर्ड में 7000 करोड़ रुपये जमा होने के बावजूद पंजीकरण व सभी सुविधाएं बंद होने की पीड़ा झेल रहे हैं। भाजपा सरकार ने उन मजदूरों का फर्जी बताकर पंजीकरण रद्द कर दिया, जिनका पंजीकरण श्रममंत्री रहते हुए मौजूदा मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों ने किया था। श्रम विभाग के अधिकारियों व अन्य प्रतिनिधियों ने पंजीकरण वैरिफाई किया था। असल में भाजपा सरकार निर्माण मजदूरों के बोर्ड में जमा हजारों करोड़ रुपए को मजदूरों पर खर्च ना करके राजनीतिक हितों के लिए इस्तेमाल करना चाहती है। गरीब मजदूरों को आवास योजना के पैसे नहीं दिए जा रहे। मजदूरों के बच्चों की छात्रवृत्ति को बंद किया जा रहा है। अलग अलग बहाने बनाकर मजदूरों के राशन कार्ड काटे जा रहे है। जिसके खिलाफ निर्माण मजदूरों में रोष बढ़ रहा है। संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर सभी निर्माण यूनियनें गांव व मोहल्ला में सरकार के पुतले जलाकर रोष का इजहार कर रहे हैं।

### सिवानी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में काले झंडे दिखाएंगे निर्माण मजदूर: अनिल

यूनियन के जिला सचिव अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ कल सिवानी में संयुक्त मोर्चा की बैठक होगी, जिसमें 17 जून को सिवानी में मुख्यमंत्री सैनी के कार्यक्रम का विरोध करने एवं काले झंडे दिखाने का निर्णय लिया जाएगा। वहीं 15 जुलाई को भिवानी में जिला स्तरीय सयुक्त रोष प्रदर्शन का आह्वान किया।

### इन्होंने रखे विचार

महापंचायत व शवयात्रा में सीटू नेता भीमसिंह, सुखदेव पालुवास, कांग्रेस नेता सुमित, यूनियन नेता सदीक डाढ़म, पूर्व जिला सचिव मनोहर आलमपुर, धर्मपाल मिताथल, दयाकिशन बडेसरा, मुकेश कालूवास, रमन भिवानी, राकेश देवसर, गोपी, सुभाष सांगा, कुलदीप व राजेश बामला आदि ने भी अपने विचार रखे।

## खबर संक्षेप



### एडवोकेट रामकिशन ने स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन पद का कार्यभार संभाला

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व दादरी जिला अध्यक्ष एडवोकेट रामकिशन शर्मा ने शुक्रवार को हरियाणा स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यक्रम पंचकूला स्थित सेक्टर दो के निगम मुख्यालय में हुआ। इस अवसर पर आचार्य गौरव दीक्षित ने पूजा अर्चना की। इस मोके पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्यामसिंह राणा ने पदभार ग्रहण करवाया। पदग्रहण के दौरान शर्मा ने किसानों के हितों की रक्षा, आधुनिक भंडारण सुविधाओं का विस्तार व निगम की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाना को प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर दादरी से भाजपा विधायक सुनील सांगवान, जिला अध्यक्ष सुनील इंजीनियर, पूर्व विधायक सीताराम यादव, पूर्व चेयरमैन हरियाणा राज्य भंडारण निगम श्रीनिवास गोयल, मनजीत नरयाल,कॉपरेटिव बैंक के चैयरमैन सुधीर चांदवास, सतेंद्र परमार, राष्ट्रदीप परमार, मनोज कुमार, पंकज शर्मा, प्रोफेसर सूरजभान, दादरी एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष विद्या गुप्ता, पंकज शर्मा, हरिराम खुडानिया, व्यापारी कल्याण बोर्ड जिला भिवानी के चैयरमैन रविन्द्र बापोड़ा, राजेश साकरोड़िया, आईएएस डॉक्टर शालीन, सचिव मनोज बंसल, एक्सईएन नरेश तोमर, मनोज पाराशर, राजेश भारद्वाज, सोमबीर श्योराण, भूपेंद्र व विकास अत्री सहित जिला पदाधिकारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, समर्थकों एवं गणमान्य नागरिकों ने रामकिशन शर्मा को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में निगम नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा, किसानों एवं प्रदेश के भंडारण ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शर्मा ने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हम हरियाणा के किसानों के हित में काम करेंगे। गोदामों की क्षमता बढ़ाने, आधुनिक तकनीक अपनाने और पारदर्शी व्यवस्था लागू करने पर हमारा विशेष फोकस रहेगा।

### एसआईआर-2026 का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाना: एडीसी

**भिवानी।** एडीसी एवं 59-बवानीखेड़ा के ईआरओ एडीसी दीपक बाबूलाल करवा के मार्गदर्शन में एसआईआर-2026 के तहत मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के लिए बवानीखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवाइजर की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में कानूनगो रामफल व मास्टर ट्रेनर राजेंद्र कुमार ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि एसआईआर- 2026 का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाना है। कोई भी पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए और एक भी फर्जी नाम नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर सत्यापन करने, 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष पूरे करने वाले युवाओं के नाम जोड़ने और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने के निर्देश दिए। इस दौरान बवानी खेड़ा के नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, पंचायती राज के एसडीओ रविन्द्र, एसडीओ नरेन्द्र, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी व बवानी खेड़ा के बीएलओ और सुपरवाइजर मौजूद रहें।



### स्टेट पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में भिवानी के खिलाड़ियों ने जीते 14 गोल्ड सहित 24 पदक

**भिवानी।** कुरुक्षेत्र के मेडिटेशन हॉल में 14वीं हरियाणा स्टेट पेंचक सिलाट चैंपियनशिप में भिवानी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे प्रदेश में नाम रोशन किया है। कोंट रोड स्थित बीसीएन स्पोर्ट्स एकेडमी के मार्शल आर्ट्स योद्धाओं ने प्रतियोगिता में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए 24 पदकों पर कब्जा किया, जिसमें 14 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। इन खिलाडियों का चयन अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कोच दीपक ने बताया कि 9 और 10 जून को दो दिवसीय चैंपियनशिप में एकेडमी के खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा, जिससे भिवानी में खुशी का माहौल है। चैंपियनशिप में एकेडमी के 14 खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में प्रतिद्वंदियों को धूल चटाते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। पदक विजेताओं में पूर्वी, अयान कौशिक, आरव, वंश, आयुष, काव्या, राखी, ऋषभ, लक्ष्य शर्मा, मनजीत, जतिन, रजत गुर्जर, खुशी व लवीश ने स्वर्ण, रहीश, प्रतीक कुमार, गौरव, मयंक, कौशलेंद्र, पंकज और प्रियांशु ने रजत तथा हर्ष, रजत व वंश ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच दीपक ने बताया कि सफलता इन बच्चों की महीनों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और मैट पर बहाए गए पसीने का नतीजा है। पदक विजेता खिलाड़ियों का अकादमी में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बाबा नारायण नाथ, एलआर शास्त्री, पवन तंवर, सोनू कादियान, अमित यादव, पार्षद कर्मवीर यादव, रोहित नागर, आदि कुंडिया, दीपक सोलंकी, प्रवेश शर्मा, विजय कायत व अमित कोच आदि खेलप्रेमी मौजूद रहे।



### बोर्ड अध्यक्ष ने विभिन्न शाखाओं, छात्र सुविधा केन्द्र व कैंटीन का किया औचक

**भिवानी।** विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ ने शुक्रवार को बोर्ड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, छात्र सुविधा केन्द्र व कैंटीन का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान धूपड़ ने कहा कि बोर्ड के कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बोर्ड अध्यक्ष ने बोर्ड परिसर स्थित कैंटीन में भोजन/चाय एवं अन्य खाद्य पदार्थों का सेवन कर स्वयं गुणवत्ता की जांच की । उन्होंने छात्र सुविधा केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। बोर्ड कार्यालय में आए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से भी संवाद किया तथा बोर्ड की कार्यशैली, कर्मचारियों के व्यवहार, शिकायत निवारण व्यवस्था व अन्य सुविधाओं बारे विस्तार से बातचीत की।

### जिला बाल कल्याण समिति ने मासूमों को बाल मजदूरी की दलदल से निकाला

**भिवानी।** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर शुक्रवार को जिला बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने बालश्रम के खिलाफ बड़ा एवं प्रभावी कदम उठाया है। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन तृप्ति श्योराण के निर्देशानुसार एवं समिति के चेयरमैन अधिवक्ता प्रदीप सिंह तंवर के नेतृत्व में जिलेभर में विशेष रेस्क्यू अभियान चलाया। इस मौके पर तंवर ने कहा कि बच्चे किसी भी राष्ट्र का वास्तविक भविष्य एवं उसकी नींव होते हैं, उनके हाथों में औजार या काम का बोझ नहीं, बल्कि किताबें एवं खिलौने होने चाहिए। लाई चेयरमैन तंवर ने नागरिकों से अपील की कि आपको अपने आसपास किसी दुकान, होटल, कारखाने या घरेलू काम में कोई बच्चा मजदूरी करता दिखे तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन या सीडब्ल्यूसी को दें(



### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल भिवानी को शिक्षा मंत्री ढांडा ने किया सम्मानित



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी के लिए यह अत्यंत गौरव और सम्मान का अवसर रहा जब प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और ऐतिहासिक परीक्षा परिणामों के लिए विद्यालय परिवार को सम्मानित किया। यह सम्मान विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समर्पित शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की अथक मेहनत का प्रतीक है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए पूरे प्रदेश और देश में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र अदम्य प्रताप सिंह ने कक्षा 12वीं में हरियाणा प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ अखिल भारतीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, भिवानी जिले तथा पूरे हरियाणा का नाम राष्ट्रीय पटल पर स्वर्ण अक्षरों में अंकित कर दिया।

## 12 साल के अपने कार्यकाल में केंद्र सरकार ने लिए कई ऐतिहासिक फैसले : धर्मबीर सिंह

- ऐतिहासिक जीएसटी से एक देश, एक टैक्स की व्यवस्था लागू की : सांसद धर्मबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 साल के कार्यकाल के दौरान कई ऐतिहासिक काम हुए हैं। ऐतिहासिक जीएसटी से एक देश, एक टैक्स की व्यवस्था लागू की गई। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व की बदौलत भारत अब रक्षा क्षेत्र में भी निर्यातक देश बन गया है।

सांसद शुक्रवार दोपहर बाद स्थानीय विश्राम गृह में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री व भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ, कार्यक्रम के संयोजक विशालजीत सिंह, सह-संयोजक नितिन भारद्वाज, मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा उपस्थित रहे। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के विगत 12 वर्षों में राष्ट्रहित, जनकल्याण एवं विकास के क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियां हासिल की हैं। देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं आंतरिक तौर पर सुरक्षित करने का काम किया है। सांसद ने कहा कि पिछड़े वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए और उनसे जुड़े कानून बनाए गए।

## भिवानी में 15 व 16 जून को हल्ला बोल प्रदर्शन, 4 और 18 जुलाई को मंत्रियों के आवासों का किया जाएगा घेराव

- सब्र का इम्तिहान लेना बंद करें सरकार, अब हितों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त : सतबीर
- सरकार की अनदेखी के खिलाफ पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने फूंका आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

सरकार द्वारा विभागीय कर्मचारियों की लंबित मांगों और जायज समस्याओं की लगातार की जा रही अनदेखी के खिलाफ हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का आक्रोश सातवें आसमान पर है। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर सब डिवीजन बवानीखेड़ा की गेट मीटिंग रेस्ट हाउस परिसर में हुई। बैठक में कर्मचारियों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त रूप से ब्रांच प्रधान दशरथ रंगा मानहेरू तथा भूतपूर्व सैनिक अनिल मेट दुर्जनपुर ने की, जबकि मंच संचालन ब्रांच कार्यकारी सदस्य रवि काजल बवानीखेड़ा ने किया। गेट मीटिंग में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे ब्रांच वरिष्ठ उपप्रधान सतबीर दिनोद ने कर्मचारियों के बीच रोष प्रकट करते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों के सब्र का इम्तिहान लेना बंद करे। विभागीय कर्मियों की जायज मांगों और गंभीर समस्याओं को लंबे समय से ठंडे बस्ते में डाल रखा है। इस अनदेखी को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपनी आवाज को गूंगी-बहरी सरकार तक पहुंचाने के लिए 15 और 16 जून को कार्यकारी अभियंता, लोकनिर्माण विभाग बीएंडआर कार्यालय पर हल्ला बोल प्रदर्शन करेंगे और मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद भी सरकार ने सुध नहीं ली तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सांसद ने गांव कैरू में आमजन की सुनीं समस्याएं

# आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान : सांसद

**मूलभूत समस्याओं का त्वरित समाधान करें अधिकारी**

**पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में देश तरक्की की राह पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी



भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 साल देश के आत्मविश्वास की वापसी और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का ऐतिहासिक समय रहा है। इस दौरान देश ने शासन, दृष्टिकोण, नेतृत्व और राष्ट्रीय संकल्प में एक निर्णायक बदलाव देखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्र के प्रति समर्पित दूरदर्शी सोच का नेता बताया। सांसद शुक्रवार को गांव कैरू में स्थित सामुदायिक भवन में खंड के सरपंचों और आमजन से रूबरू थे। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गत 12 वर्षों में पूरी शक्ति के साथ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए, जिसके परिणामस्वरूप आज देश व प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अंतरराष्ट्रीय हालातों के मद्देनजर प्रधानमंत्री द्वारा की गई अपील पर गौर करने को कहा। उन्होंने आमजन से भी आह्वान करते हुए कहा कि बेवजह पेट्रोल-डीजल खर्च न करें और फिजूलखर्ची से बचें। सांसद ने कहा कि आज योजनाबद्ध तरीके से काम हो रहे हैं। बिजली-पानी, विकास कार्य आदि मूलभूत सुविधाओं हों या रोजगार व तबादले प्रत्येक कार्य के लिए पॉलिसी के तहत काम हो रहे हैं। प्रत्येक कार्य पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। केंद्र व प्रदेश की योजनाओं का आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश व प्रदेश विकसित हो इसके लिए जनभागीदारी जरूरी है।

### ये रहे मौजूद

एसडीएम संदीप कुमार, बीडीपीओ अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों के अलावा बाबा दिलसुख गौशाला प्रधान रूपेश, जगदीश, जयसिंह कालीरामण, रामफल टाला, रमेश गिल, मुरारीलाल आदि गणमान्य नागरिक, विभिन्न गांवों के सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उज्ज्वल भविष्य के लिए प्राकृतिक खेती अपनानी होगी

सांसद ने प्राकृतिक खेती अपनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ्यों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हम सब को प्राकृतिक खेती अपनानी होगी। जिस प्रकार से जंगलों में प्रकृति के माध्यम से ही सब पौधे फलते-फूलते हैं, उसी प्रकार हम सब को अपने खेत में भी सभी फसलों को प्राकृतिक रूप से उगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाय के एक टन गोबर की खाद से लगभग दो किलो नाइट्रोजन बनता है। इसलिए हमें गाय की खाद को ही खेत में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करना चाहिए। खेत में गाय के गोबर की खाद डालने से लागत में कमी व उत्पादन बढ़ाने में भी हमारे काम आता है। सांसद ने युवाओं में नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि समय रहते सतर्क नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियां बर्बाद हो जाएंगी।

### अनुभवी किसानों के साथ एक कमेटी बनाए जाने के दिए निर्देश

सांसद ने समाज में लगातार नैतिक गिरावट पर चिंता प्रकट करते हुए सामाजिक ताने-बाने को बनाए रखने के लिए प्रबुद्धजनों से आगे आने की अपील की।इस दौरान खापड़वास से कृष्ण कुमार व ढाणी मिरान से रमेश ने प्राकृतिक खेती के अनुभवों को साझा किया। सांसद ने एसडीएम को प्राकृतिक खेती की जागरूकता के लिए ऐसे अनुभवी किसानों के साथ एक कमेटी बनाए जाने के निर्देश दिए। सांसद ने त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए मानसून सीजन में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। कार्यक्रम में पहुंचने पर महेंद्र कैरू व अमर सिंह ने पगडी पहनाकर सांसद का सम्मान किया और सरपंच सुंदरपाल और सरपंच प्रतिनिधि सुभाष ने पुष्पगुच्छ देकर सांसद का स्वागत किया।

### भारतीय किसान मजदूर यूनियन की बैठक 15 को

**बाढड़ा।** भारतीय किसान मजदूर यूनियन की महत्वपूर्ण बैठक 15 जून सोमवार को कस्बे के किसान भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं, उनके समाधान तथा संगठन के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी। यह जानकारी यूनियन के जिला प्रधान राजकुमार हड़ोदी, सत्यवीर भांडवा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि बैठक में क्षेत्र के किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा तथा किसानों के हितों की रक्षा के लिए आगामी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने और अधिक से अधिक किसानों को यूनियन से जोडऩे के लिए भी विचार-विमर्श किया जाएगा।



भव्यांश भारद्वाज
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं